नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Bilaspur City - 29 Jul 2025 - 29nya6
epaper.navabharat.news

2 अलग अलग हादसे

# 24 गायों की मौत, चालक के साथ ही मालिकों पर भी होगी कार्रवाई

रविवार को एनएच-200 और 49 की घटना



सारधा चौक

जिले में 13 दिनों के अंदर मवेशियों के कुचले जाने की तीसरी घटना

बिलासपुर/ चकरभाठा।

सड़कों पर गायों के कुचले जाने की घटना थम नहीं रही है। यही कारण है कि सिर्फ 13 दिनों के भीतर तीन बड़े सड़क हादसे हुए। इन तीन हादसों में 38 गायों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में घायल भी हो गए। इसके बाद भी जिम्मेदार लोगों के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बीती रात नेशनल हाइवे 200 पर सारधा चौक और नेशनल हाइवे 49 पर मस्तूरी लावर मोड़ के निकट सड़क किनारे बैठे मवेशियों को अज्ञात वाहनों ने कुचल दिया, इसमें 24 गायों की जान चली गई। इससे पहले 14 जुलाई को रतनपुर-पेंड्रारोड मार्ग पर कंचनपुर के निकट हुए हादसे में 14 गायों की मौत हो गई थी।



लावर गोड़

## पेंड्रीडीह-दर्रीघाट बायपास में 18 की मौत, 1 घायल

*नेशनल हाइवे 200 पेंड्रीडीह-दर्रीघाट बायपास में रविवार की रात 12 से 3 बजे के बीच ग्राम कड़ार के पास सारधा चौक पर एक अज्ञात भारी वाहन ने सड़क किनारे बैठे 19 गायों को कुचल दिया। इसमें 18 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। 18 मवेशियों में से 3 बछड़े थे। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि रात में बड़ी संख्या में मवेशी सड़क किनारे बैठ जाते हैं। भारी वाहन चालक तेज गति से गाड़ी चलाते हैं और वे सड़क पर बैठे मवेशियों की परवाह किए बगैर उन्हें रौंदते हुए चल जाते हैं। एक गाय को गंभीर स्थिति में पशु विभाग द्वारा एंबुलेंस में उपचार हेतु ले जाया गया। चकरभाटा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। आरोपी को पकड़ने मुढ़ीपार एवं पारा घाट टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पशु विभाग की टीम ज्वाइन डायरेक्टर सहित डॉक्टर देवांगन ने मौके पर ही पशुओं का पोस्टमार्टम कर कफन - दफन की व्यवस्था की।*

## एनएच 49 में 6 गायों की मौत

*रविवार की रात की दूसरी घटना मस्तूरी क्षेत्र के नेशनल हाइवे 49 में लावर मोड़ के पास की है। यहां सड़क पर बैठी 6 गायों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में सभी गायों की मौत हो गई। मामले में मस्तूरी पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। इस घटना से मस्तूरी इलाके में ग्रामीणों में आक्रोश है। घटना की सूचना मिलते ही बिल्हा एसडीएम बजरंग वर्मा मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृत मवेशियों को हटाने की व्यवस्था कराई। उन्होंने हादसे पर दुख जताया और दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।*

“ सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचलने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। रात को मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। चार मवेशियों के कान में लगे रेडियम से दो मालिकों की पहचान हुई है। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

**उत्तम साहू**, चकरभाठा टीआई

## 15 दिन से लगातार चेतावनी दे रहे कलेक्टर

*पिछले 15 दिन से कलेक्टर संजय अग्रवाल लगातार अफसरों की मीटिंग लेकर सड़क पर बैठे मवेशियों को हटाने के निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने मवेशियों को सड़क पर छोड़ने वाले गौ पालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी 13 दिन में यह तीसरा हादसा है।*